## कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड की वित्तीय वर्ष 2014-15 के लिए वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित खातों की समीक्षा

कॉर्पोरेशन की स्थापना भारत के पश्चिमी तटीय क्षेत्र रोहा से मंगलोर तक **741** किलोमीटर की लंबाई के साथ रेलवे लाइन निर्माण कार्य और परिचालन के उद्देश्य के लिए रेल मंत्रालय **(51%)**, महाराष्ट्र **(22%)**, कर्नाटक **(15%)**, केरल **(6%)** और गोवा **(6%)** ईक्विटी भागीदारी के साथ **1990** में की गई थी। परियोजना पूर्ण होने की लागत वित्तीय लागत **1035** करोड़ रुपए के साथ **3555** करोड़ रुपए थी। कॉर्पोरेशन 26 जनवरी,1998 से रेलवे संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हुई और तब से यात्री और मालभाड़ा गाड़ियों का सफलतापूर्वक संचालन किया गया है। कॉर्पोरेशन ने रेलवे परियोजनाओं के निर्माण कार्य में विशेषज्ञता हासिल की है।

**<u>वित्तीय कार्य निष्पादन:</u>**

क. पिछले वर्ष **1277** करोड़ रुपए (बारह हजार सत्तहत्तर करोड़ रुपए) की तुलना में वर्ष **2014-15** के दौरान कुल राजस्व **1323** करोड़ रुपए (तेरह हजार तेईस करोड़ रुपए) तक की वृद्धि हुई है। कॉर्पोरेशन ने वर्ष **2013-14** में **13.11** रुपए (तेरह करोड़ और ग्यारह लाख) के लाभ की तुलना में समीक्षाधीन वर्ष के दौरान **39.39** करोड़ रुपए (उनतालीस करोड़ उनतालीस लाख रुपए) अब तक का सबसे बेहतर शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

ख. कॉर्पोरेशन का **31** मार्च, **2015** को निवल मूल्य **1353.51** करोड़ (एक हजार तीन सौ तिरपन करोड़ और इक्यावन लाख रुपए) रुपए रहा है।

ग. वर्ष 2013-14 में 89% की तुलना में परिचालन अनुपात जो परिचालन दक्षता का पैरामीटर भी है, वर्ष 2014-15 में 86.43% तक बेहतर हुआ है।

घ. कॉर्पोरेशन ने वर्ष **2014-15** के दौरान **638.00** करोड़ रुपए मूल्य के बांड (छह सौ और अड़तीस करोड़ केवल) विमोचित किए हैं। कॉर्पोरेशन ने रूपए **900.00** करोड़ रुपए मूल्य के बांड पुनः जारी किए हैं।

**पिछले तीन वर्षों के लिए संक्षिप्त वित्तीय विवरण निम्नानुसार है:**

करोड़ रुपए में

| विवरण | 2014-15 | 2013-14 | 2012-13 |
|---|---|---|---|
| कुल आय | 1323 | 1277 | 1136 |
| परिचालन मार्जिन | 233 | 218 | 158 |
| कर उपरांत लाभ | 39.39 | 13 | (236) |
| निवल मूल्य | 1354 | 1353 | 1340 |

Krel Rn

09-12-15
D/PSU

**<u>गाड़ी परिचालन कार्य निष्पादन</u>**

सिंगल लाइन सेक्शन पर औसतन प्रतिदिन 46 यात्री गाड़ियां और रोल ऑन-रोल ऑफ सेवाओं सहित 16 मालगाड़ियां चलाई जा रही हैं। समयपालन का कार्यनिष्पादन उत्कृष्ट रहा है। वर्ष के दौरान इस सेवा की अर्जन क्षमता बढ़ाने के लिए रोल ऑन- रोल ऑफ सेवा में एक और रेक जोड़ा गया। वर्ष 2014-15 के दौरान रोल ऑन - रोल ऑफ से 45,919 ट्रकों का वहन किया गया। इस अवधि के दौरान अर्जन 73.30 करोड़ रुपए (तिहत्तर करोड़ तीस लाख रूपए) था जो कुल मालभाड़ा अर्जन के लगभग 20% रहा है। वर्ष के दौरान 5 नई गाड़ियां शुरू की गई इनमें तीन एक्सप्रेस गाड़ियां और दो पैसेंजर गाड़ियां शामिल हैं।

**<u>परियोजना कार्य निष्पादन</u>:**

**क. ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला-रेल लिंक परियोजना,जम्मू-कश्मीर-** <u>ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक के कटरा-धरम खंड का निर्माण कार्य</u> - हमने अब तक कुल 28.61 कि.मी. में से 22.94कि.मी. खुदाई का कार्य पूरा किया है। 14 सुरंगों का कार्य प्रगति पर है। वर्ष के दौरान ऊधमपुर-श्रीनगर- बारामूला रेल लिंक परियोजना में 329 करोड़ रुपए (तीन सौ उनतीस करोड़ रुपए केवल) का कारोबार हासिल किया गया है। वर्ष 2014-15 तक संचयी कारोबार 2406 करोड़ रुपए (दो हज़ार चार सौ छह करोड़ रुपए) हासिल किया गया है।

**ख. जयगढ़ दिग्नी रेल कनेक्टिविटी -** कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत 21 मई,2015 को "जयगढ़ दिग्नी रेल लिमिटेड" नामक कंपनी द्वारा एक स्पेशल पर्पज व्हीकल (एस.पी.वी.) स्थापित की गई है। माननीय रेल मंत्री श्री सुरेश प्रभु और महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में जयगढ़ दिग्नी रेल लिमिटेड और रेल मंत्रालय के बीच 28 जून, 2015 को रियायत समझौता कार्यान्वित किया गया। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है।

**ग. नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन-कुडगी-साइडिंग परियोजना-** नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन-कुडगी- साइडिंग परियोजना के इन प्लांट का मिट्टी संबंधी कार्य बड़े पैमाने पर प्रगति पर है। कुल रेलवे साइडिंग मार्ग की लंबाई 11.65 कि.मी. है और ट्रैक की लंबाई 16 पुलों और इन-प्लांट यार्ड 15-लाइन के साथ 42 कि.मी है जिसका निर्माण कार्य निगम द्वारा किया जाना है। इस परियोजना की कुल लागत 274.36 करोड़ रुपए है।

**घ. नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन-गडरवाड़ा - साइडिंग परियोजना -** एन.टी.पी.सी.को गाडरवाड़ा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए विद्युत पैकेज सहित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट एवं इंजीनियरिंग, परियोजना प्रबंधन और कोयला परिवहन प्रणाली के निर्माण कार्य प्रदान किए



09-12-15
D I PSU

गए हैं। परियोजना की कुल लागत 312.40 करोड़ रुपए (तीन सौ बारह करोड़ चालीस लाख रुपए) है। परियोजना का कार्य प्रगति पर है।

**<u>पुरस्कार</u> :**

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन को वर्ष 2014-15 के लिए भारत के महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी से 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' प्राप्त हुआ है।

..............

07-12-15
01850

(अनूप सिंह बिष्ट)
सहायक हिंदी अधिकारी
हिंदी/मसद